भारत सरकार

सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय

लोक सभा

लिखित प्रश्न सं. 4176

गुरुवार, 18 जुलाई, 2019/27 आषाढ़, 1941 (शक)

महाराष्ट्र में राष्ट्रीय राजमार्ग की घोषणा

4176. डॉ॰ भारती प्रवीण पवारः

क्या **सड़क परिवहन और राजमार्ग** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या महाराष्ट्र में मनमाड-चॉदवाड़ खण्ड को राष्ट्रीय राजमार्ग घोषित किया गया है;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और

(ग) उक्त खण्ड पर विकास कार्य की वर्तमान स्थिति क्या है?

उत्तर

सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री

(श्री नितिन जयराम गडकरी)

(क) एवं (ख) : जी हॉ। महाराष्ट्र के मनमाड - चांडवाड खंड को दिनांक 13.01.2017 के राजपत्र अधिसूचना सं. का.आ. 13(अ) के तहत राष्ट्रीय राजमार्ग 752जी के रूप में घोषणा कर दी गयी है।

(ग) : मनमाड - चांदवाड खंड के पेव्ड शोल्डर के साथ 2 लेन में विकास को वित्त वर्ष 2018-19 के दौरान 168.45 करोड़ रुपये की लागत पर संस्वीकृत किया गया है। यह कार्य अब निविदा चरण में है।

*****